मैं हार गया हूँ श्याम धणी

मैं हार गया हूँ श्याम धणी,
तेरे दर पे आते आते,
कब जागेगी सोई किस्मत,
अब साँवरिया तू बतलादे,
हे श्याम हे श्याम हे,
हे श्याम हे श्याम हे श्याम,
हे श्याम बोलो श्याम......

मेरे दिल में तू ही तो श्याम बसा,
अब और कोई नहीं भाता है,
तुझे कहाँ अब जाऊँगा,
मुझे और नजर नहीं आता है,
न्योछावर है सब कुछ तुझपे,
अपना.. अपनाले या फिर ठुकरादे,
कब जागेगी सोई किस्मत,
अब साँवरिया तू बतलादे,
हे श्याम हे श्याम हे,
हे श्याम हे श्याम हे श्याम,
हे श्याम बोलो श्याम......

जब से देखा दरबार तेरा,
तेरे नाम का अलख जगाया,
तेरे जैसा कोई दातार नहीं,
तेरे भक्तों ने बतलाया है,
हारे को जीत दिलाते हो,
भक्तों को गले लगाते हो,
अब हम.. अब हमको भी तू अपनाले,
कब जागेगी सोई किस्मत,
अब साँवरिया तू बतलादे,
हे श्याम हे श्याम हे,
हे श्याम हे श्याम हे श्याम,
हे श्याम बोलो श्याम......

हे लाज बचाने वाले प्रभु,
तेरी महिमा जग में भारी है,
कितनो को तुमने तार दिया,
अब हम भक्तों की बारी है,
संजय श्री श्याम जपो हरदम,
बाबा.. बाबा कब दर्शन दिखलादे,
कब जागेगी सोई किस्मत,
अब साँवरिया तू बतलादे,
हे श्याम हे श्याम हे,

हे श्याम हे श्याम हे श्याम,
हे श्याम बोलो श्याम......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25498/title/main-haar-gya-hu-shyam-dhani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |